हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 सितंबर 2025

04 अब नहीं चलेगा वनभूमि पर कब्जा ...



07 नशा कारोबार को संरक्षण दे रहे पुलिसवालों पर होगी ...





## खबर संक्षेप

### मेगा जॉब फेयर व कैरियर मेला 22 सितम्बर को

**सागर।** युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार विभाग एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बडतूमा सागर के द्वारा संयुक्त तत्वाधान में मेगा जॉब फेयर (युवा संगम) एवं कैरियर अवसर मेले का आयोजन दिनांक 22 सितम्बर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेस शासकीय महाविद्यालय परिसर मकरोनिया बडत्तूमा सागर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यकम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियो के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

### माता वैष्णोदेवी के लिए तीर्थयात्री 5 अक्टूबर को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 23.09.2025 तक प्राप्त किये जावेगें। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 23.09.2025 सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

### त्वरित समाधान से दिव्यांग हितग्राही को मिला लाभ

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशन में आयोजित आज जनसुनवाई में दिव्यांग हितग्राही मोहम्मद हसीन कुरेशी द्वारा यह शिकायत प्रस्तुत की गई कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र तो बना हुआ है, किंतु डिजिटल दिव्यांगता प्रमाण पत्र अब तक जारी नहीं हुआ है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। परिणामस्वरूप उसी दिन श्री कुरैशी का कार्ड जारी कर दिया गया। इस त्वरित एवं संवेदनशील समाधान से मोहम्मद हसीन कुरैशी अत्यंत संतुष्ट एवं प्रसन्न हैं।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**सागर।** शासन द्वारा संचालित सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से जन-भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने हेतु कलेक्टर संदीप जी आर ने विधानसभा क्षेत्रानुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेशानुसार विधानसभा में नगर दण्डाधिकारी सागर आरती यादव, नरयावली में अदिति यादव अनुविभागीय अधिकारी, सुरखी में रोहित वर्मा अनुविभागीय अधिकारी, खुरई में मनोज चौरसिया अनुविभागीय अधिकारी, बीना में विजय डहेरिया अनुविभागीय अधिकारी, बण्डा में रवीश श्रीवास्तव अनुविभागीय अधिकारी, रहली में कुलदीप पाराशर अनुविभागीय अधिकारी, देवरी में मुनौबर खॉन अनुविभागीय अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## क्षत्रिय महासभा की बैठक में समाज की ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ

# समाज के आर्थिक व सामाजिक विकास हेतु कार्यशालाएं हों: पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ईश्वर ने यह ताकत क्षत्रिय को दी है कि वह संकल्प कर ले तो वह पूरा कर सकता है। क्षत्रिय समाज को अपने विकास के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यवसाय, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और समाज में धर्म और संस्कारों के विकास के लिये अपने स्तर पर योजनाबद्ध काम करते हुए एकजुटता से आगे बढ़ना होगा। यह संदेश पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित क्षत्रिय महासभा जिला सागर की बैठक को संबोधित करते हुए दिया है। बैठक के पश्चात महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास की स्थापना के नेतृत्व और वहां की व्यवस्थाओं में व्यक्तिगत योगदान के लिये क्षत्रिय समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। रूद्राक्ष धाम प्रांगण के सभाकक्ष में आयोजित क्षत्रिय महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज के बच्चे और युवा ही हमारी संपत्ति हैं। इनके समुचित आर्थिक विकास तथा धर्म संस्कारों से जोडें. रखने के लिये समाज के सफल सदस्यों को आगे आकर जिम्मेवारी लेकर विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित कार्यशालायें आयोजित करना होंगी। सिर्फ पगड़ियां पहनकर शोभा यात्रा निकालने और तलवार लहराने से समाज का आर्थिक विकास नहीं होगा हमें समाज की आर्थिक समस्याओं को सीधे एड्रेस करना होगा। शासकीय सेवाओं के अतिरिक्त शिक्षा, रोजगार, बैंकिंग क्षेत्र, कृषि, सरकार की



विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारियों, महिला वर्ग के आर्थिक उत्थान जैसे विषयों पर समाज के युवाओं की कार्यशालायें आयोजित किये जाने का कार्य विभिन्न समितियां बनाकर समाज के सक्षम सदस्य जिम्मेदारी लेने आगे आयें। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी तेजी से नशे की तरफ जा रही है। धर्म संस्कार, समाज का गौरवशाली इतिहास और क्षत्रिय धर्म युवाओं को बताना होगा तभी युवा पीढ़ी सही रास्ते पर चलेगी। उन्होंने कहा कि आज भी क्षत्रिय समाज के बहुत बड़े वर्ग को लाभकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी व उनके लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारियों का अभाव है। जबकि उपलब्ध संसाधनों को योजनाओं से जोड़ते हुए उचित प्रबंधन करके आर्थिक व सामाजिक रूप से आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के सदस्य कार्यशालाओं के लिये आगे आयें और इसके लिये जो भी संसाधन आवश्यक होंगे उनकी व्यवस्था मेरी ओर से की जायेगी। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जब तक महिलायें बराबरी से आगे नहीं बढ़ेगी तब तक कोई समाज विकास नहीं कर सकता यह विकास का सूत्र है। महिलाओं की अर्थव्यवस्था में भागीदारी अभी 18 प्रतिशत है जबकि उनकी आबादी 50 प्रतिशत है। पसभी स्थानों पर समाज के भवन बनना चाहिये और वे भवन जीवंत रहना चाहिये। आज एक साल के संकल्प में हमारे सामने महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास जैसी बड़ी उपलब्धि है जहां 40 बेटियां एक सुरक्षित व सुविधजनक वातावरण में रहते हुए शिक्षा अर्जित कर रहीं हैं। मैं स्वयं व्यक्तिगत रूप से उन सभी के भोजन, आवागमन के लिये मिनी बस संचालन, खेलकूद की व्यवस्था, छात्रावास की वार्डन, सुरक्षा गार्ड, रसोई व स्वच्छता कर्मी स्टॉफ आदि की संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिये 5 लाख रूपये महीने का योगदान कर रहा हूँ और जब तक मेरा जीवन हैं मैं एक पिता की तरह इन सब व्यवस्थाओं को करूँगा। उन्हांने बताया कि छात्रावासी बेटियों के लिये उपयोगी लाईब्रेरी, कैरियर काउंसलिंग व कोचिंग की व्यवस्था भी की जायेगी। श्री सिंह ने समाज से कहा कि आप सभी के एकजुट प्रयासो से इस छात्रावास का प्रथम तल भी एक वर्ष में बनाने का लक्ष्य है ताकि समाज की 40 और बेटियों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा सकें।

सागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के विषय तथा उसमें आ रहे गतिरोध पर बैठक में लगभग 15 से अधिक वरिष्ठ जनों ने अपनी राय रखी। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि 1 करोड़ की राशि से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगने के कार्य में राशि आवंटन, स्थल चयन के बावजूद गतिरोध क्यों आ रहा हैं यह सभी को मालूम हैं। गतिरोध डालने वालों की बुराई मुझसे हो सकती है पर वे ऐसा करके समाज व हमारे राष्ट्र के गौरव महाराणा के प्रति भी अन्याय कर रहें हैं। उन्होंने कहा एक बार जिले की समाज पूरी ताकत के साथ शांतिपूर्ण तरीके से एकजुट होकर अपनी बात प्रशासन और शासन के समक्ष रखें जिसका संदेश पूरे देश व समाज में जाए। महाराणा प्रताप का त्याग और संघर्ष सिर्फ क्षत्रिय समाज के लिये नहीं था बल्कि पूरे राष्ट्र और सभी समाजों के लिये था।




### गढाकोटा में भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन सौंपा

**गढाकोटा।** भारतीय किसान संघ ने खरीफ की फसल के अतिवृष्टि से नुकसान एवं खाद एवं बिजली की समुचित व्यवस्था और खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य के संबंध में तहसीलदार गढाकोटा को ज्ञापन सौंपा । जिसमें किसान संघ द्वारा मांगे की गई है कि खरीफ की फसल का अतिवृष्टि के कारण हुये नुकसान का सरकार द्वारा सर्वे कराया जाये एवं किसानों को नुकसान के अनुपात में बीमा राशि एवं मुआवजा राशि दिलवाई जाये । रासायनिक खाद्यों को सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों की बोनी के पूर्व में प्रत्येक सोसायटी में खाद्य वितरण किया जाये । जिन किसानों के ट्रांसफारमर जले हुये हैं एवं जिनका बिल भुगतान समयानुसार होता है। सिंचाई के पहले ट्रांसफारमर की व्यवस्था की जाये एवं कुछ ट्रांसफारमर जल जाते हैं उनके लिये भी ट्रांसफारमर स्टाक की व्यवस्था हो । आवारा पशुओं द्वारा किसानों का बहुत नुकसान होता है आवारा पशुओं की व्यवस्था की जाये । मंडियों में व्यापारियों द्वारा किसानों की फसल की तुलाई की हम्माली 26 रू. प्रति क्विंटल वसूली जाती है जबकि सरकार के मानक अनुसार लिया जाये जो बहुत की अनुचित है। किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त लाईट 20 घंटे दी जाये। जो हमारे क्षेत्र में खरीफ की फसलें उत्पादित होती हैं उन पर फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदा स्वीकृत नहर परियोजनाओं का कार्य शीघ्र शुरू किया जाये। मांगों के निराकरण न किया जाने पर किसान संघ उग्र आंदोलन करेगा। ज्ञापन देने वालों में बमनोदा सरपंच राम मनोहर पटेल, अध्यक्ष भारतीय किसान संघ खुमान पटेल फुलर, माधव पटेल, जितेंद्र कुर्मी रेगवा, लकी चौधरी, रंजीत कुर्मी, मनोहर कुर्मी, उमेश वकील साहब आदि रहे मौजूद।

## राष्ट्रीय उत्थान एवं एकता में हिंदी एक सशक्त पुल का काम करती है: डॉ अजय तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद विवि एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर "राष्ट्रीय उत्थान एवं एकता में हिन्दी की भूमिका" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें द्वीप प्रज्जवलन एवं स्वस्ति वाचन द्वारा कार्यकम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत उपरांत स्वागत भाषण एवं संगोष्ठी का औचित्य डॉ सुखदेव वाजपेयी संस्कृत विभाग अध्यक्ष के द्वारा दिया गया आपने बताया कि अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी कविताओं और लेखों के माध्यम से हिंदी भाषा का उपयोग किया। जिससे लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत हुई। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में डॉ ममता सिंह हिन्दी विभागाध्यक्ष ने कहा कि भारत एक विशाल और विविधताओं से भरा हुआ देश है। यहाँ अनेक भाषाएँ, बोलियाँ, परंपराएँ और संस्कृतियाँ विद्यमान हैं। इन विविधताओं के बीच जो सूत्र हम सबको एकता के धागे में पिरोता है, वह है हिंदी भाषा।




अध्यक्षीय उद्बोधन कुलाधिपति डॉ अजय तिवारी द्वारा दिया गया आपने बताया कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और उत्थान की एक महत्वपूर्ण शक्ति है। इसने भारत को एकजुट करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है और आज भी राष्ट्र के हृदयों को जोड़ने का कार्य कर रही है। राष्ट्रीय उत्थान एवं एकता में हिंदी एक सशक्त पुल का काम करती है। विषिष्ट वक्ता अदित्य प्रखर तिवारी-उप कुलाधिपति ने कहा कि-हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में राष्ट्रीय एकता की सच्ची परिभाषा है। सभी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की सम्पर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। सागर मप्र से मुख्य अतिथि आर के तिवारी ने कहा कि हिंदी एक सेतु का काम करती है, जो भारत की सैकड़ों भाषाओं और बोलियों से जुड़े लोगों को आपस में जोड़ती है। हिंदी वह भाषा है जो पूरे राष्ट्र की संवेदनाओं को प्रकट करने का सरल माध्यम है। सारस्वत वक्ता श्री अरूण दुबे ढ़ाना ने कहा कि हिंदी इस उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि यह विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, साहित्य और प्रशासन के क्षेत्र में निरंतर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। नई पीढ़ी जब हिंदी में विज्ञान और तकनीकी ज्ञान प्राप्त करेगी तो हमारे देश की प्रगति और भी तेज होगी। आभार ज्ञापन डॉ0 धुरव कुमार द्विवेदी-कुलपति द्वारा दिया गया।

## नगर निगम के भ्रष्टाचार और पार्षदों की अनदेखी के खिलाफ कांग्रेस का जंगी धरना-प्रदर्शन

# महेश जाटव के नेतृत्व में निगम कार्यालय पर गरजा कांग्रेस का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम सागर में व्याप्त भ्रष्टाचार, घोटालों, कमीशनखोरी और कांग्रेस पार्षदों की निरंतर अनदेखी के खिलाफ आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नगर निगम कार्यालय के सामने जंगी धरना-प्रदर्शन किया। महेश जाटव द्वारा जिला शहर कांग्रेस की बागडोर संभालने के बाद पहली बार किए गए विरोध प्रदर्शन में कांग्रेसजनों ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर अभूतपूर्व एकजुटता का प्रदर्शन भी किया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि नगर निगम सागर पूरी तरह से भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है। निगम प्रशासन भाजपा विधायक तथा नेताओं के इशारे पर कांग्रेस पार्षदों की आवाज को दबा रहा है और जनता की गाढ़ी कमाई को लूट में लगाया जा रहा है। अब कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने नगर निगम आयुक्त व महापौर को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि ज्ञापन में उल्लेखित सभी 13 बिंदुओं पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेसजन




चरणबद्ध आंदोलन करते हुए नगर निगम का घेराव करेंगे। भ्रष्टाचारियों और कमीशनखोरों को हर हाल में बेनकाब किया जाएगा।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को पूर्व सांसद डा आनंद अहिरवार, पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित रामजी दुबे पूर्व शहर अध्यक्ष जगदीश यादव, नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, आरटीआई एक्टिविस्ट पंकज सिंघई, पार्षद शिवशंकर यादव, पार्षद अशोक चकिया, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, पार्षद ताहिर खान, पार्षद रिचा गौङ, निलोफर चमन अंसारी, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, पूर्व पार्षद तोताराम यादव, वसीम खान आदि ने संबोधित करते हुए ऐलान किया कि यह केवल पहला चरण है। यदि भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगी और कांग्रेस पार्षदों के साथ हो रहा अन्याय बंद नहीं हुआ, तो कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक नगर निगम को जवाबदेह बनाने के लिए और भी उग्र आंदोलन करेगी। धरना स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निगम प्रशासन को घेरते हुए जमकर नारेबाजी की और भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जोरदार मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम पूरी तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है, जहाँ जनता के टैक्स का पैसा विकास कार्यों में लगने की बजाय घोटालों और दलाली में डुबोया जा रहा है। धरना प्रदर्शन की समापन में कांग्रेसजनों ने नगर निगम कार्यालय की गेट पर पहुंचकर महापौर तथा आयुक्त के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी करते हुए 13 सूत्रीय मांग पत्र नगर निगम प्रशासन को सोपा। ज्ञापन का वाचन पार्षद सुरेखा राय तथा आभार प्रदर्शन आनंद हेला ने किया।

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव द्वारा नगर निगम प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्षदों और विपक्ष के नेता को निगम की बैठकों से वंचित कर उनके वार्डो में विकास कार्यों की अपेक्षा की जा रही है। जिसके चलते लोकतांत्रिक व्यवस्था का गला घोंटा जा रहा है। कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में जानबूझकर विकास कार्यों को रोका जा रहा है और योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है।



### विधायक ने किया इतवारा बाजार का निरीक्षण अतिक्रमण हटवाने में स्वयं किया सहयोग

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने सोमवार को बड़ा बाजार स्थित रामप्याऊ इतवारा बाजार का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सड़क पर लगे हाथ ठेला, फल एवं सब्जी विक्रेताओं को समझाइश दी कि वे अपनी दुकानेंउलझ सड़क पर नगर निगम द्वारा बनाई गई पीली लाइन के पीछे लगाएं। विधायक ने कहा कि यह मार्ग पहले से ही संकरा है, ऐसे में सड़क पर दुकानें लगाने से न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। विधायक जैन ने दुकानदारों को यह समझाया कि सड़क किनारे व्यवस्थित रूप से दुकानें लगाने से आमजन को सुविधा होगी और व्यवसायियों को भी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने मौके पर मौजूद कई दुकानदारों का सामान स्वयं पीछे हटवाकर सहयोग किया। दुकानदारों ने विधायक जैन का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि आगे से वे निर्धारित स्थान पर ही दुकानें लगाएंगे और किसी भी प्रकार की शिकायत का अवसर नहीं देंगे। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सोनी, राधेश्याम सोनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं व्यापारी मौजूद रहे।



### जिला पंचायत सीईओ विवेक ने किया सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी विवेक केवी ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम स्थल जिला चिकित्सालय परिसर पहुंचकर निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरे, सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण के लिए देखने के लिए बड़ी एलईडी लगाई जाए। इसी प्रकार सभी की जांच एवं ब्लड डोनेशन के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए जावे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर मौसम के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। उन्होंने निर्देश दिए की सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी प्रकार की जांच एवं ब्लड डोनेशन का कार्यक्रम लगातार चला रहे एवं इसके लिए अधिक से अधिक विचार प्रसार करें जिससे कि बल्ड डोनेशन अधिक से अधिक हो सके।




### मेडिकल स्टोरों का किया जा रहा है निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन ने गठित टीम के द्वारा गोपालगंज स्थित सोनल मेडिकल स्टोर का निरिक्षण किया गया। निरक्षण के दौरान फार्मासिस्ट दुकान पर उपस्थित पाया गया जिसकी उपस्थित मे नारकोटिक्स दवाओं के खरीदी बिक्री के बिल चेक किये गए एवं कार्यालय मे प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। बिल बुक एवं समस्त दस्तावेज़ तथा एक्सपायर दवायें चेक की गयी। इसी प्रकार अवनी मेडिकल स्टोर के निरिक्षण के दौरान कैश मेमो मेन्टेन नहीं पायी एवं दस्तावेज़ मेन्टेन नहीं पाए गए जिसके लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जिसका जवाब संतोषजनक न पये जाने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अगस्त माह में 07 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किये है एवं सितम्बर माह मे 05 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किये गए है जिनमे से राजपूत मेडिकल शाहगढ 07 दिवस के लिए, चौधरी मेडिकल बड़ा बाजार का लाइसेंस 05 दिवस के लिए हर्ष मेडिकल 3 दिवस के लिए, रामराजा मेडिकल 05 दिवस के लिए एवं आराध्या मेडिकल 04 दिवस के लिए निलंबन किया गया है।

### एक बगिया मां के नाम परियोजना में प्रगति न लाने वालों पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में एक बगिया मां के नाम परियोजना की प्रगति की जनपद पंचायतवार समीक्षा की। जिले में परियोजना की प्रगति की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एक बगिया मां के नाम परियोजना में लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति न लाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनपद पंचायत सागर, शाहगढ़, खुरई, मालथौन एवं जैसीनगर के जनपद सीईओ जिनका मटेरियल एक्सपेंडिचर शून्य है, की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए हैं।कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत प्रदेश में एक बगिया मां के नाम परियोजना शुरू की गई है। इसके परियोजना के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर फलोद्यान की बगिया लगाई जाएगी। फलोद्यान की बगिया लगाने को लेकर समूह की महिलाओं ने विशेष उत्साह भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि एक बगिया मां के नाम मध्यप्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत एकड़ तक बागवानी प्रोजेक्ट के लिए हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की फेंसिंग और सिंचाई के लिए जल कुंड बनाने के लिए राशि प्रदान की जाएगी।

### कच्चे-पक्के मकान जमींदोज, ट्रैक्टर जब्त, दल-बल के साथ अभियान जारी

# अब नहीं चलेगा वनभूमि पर कब्जा अतिक्रमणकारियों पर स्थाई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सम्पूर्ण जिले में एकमात्र सक्रिय वन टीम जतारा वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार और इनका वन अमला ही ऐसा दिखाई पड़ता है जो वनभूमि में कब्जा करने वाले अबैध अतिक्रमकारियों और वनमाफियों के बिरुद्ध सख्ती व सक्रियता से निरंतर कार्यवाहीयां करके वनभूमि को सुरक्षित करने का कार्य लगातार कर रहे हैं। बाकी जिले में पदस्थ वनसुरक्षा अधिकारी तो शायद सिर्फ अपने एसी रूम में बैठकर योजना बनाते भी है और उनका संचालन भी एसी रूम में ही किया जाता है। इसीलिए न तो कार्यवाही की खबरें सामने आती है और वनभूमि का दुरूपयोग जमकर किया जाता है।



### जतारा वनपरिक्षेत्र में एक बार फिर दहाड़ा बुलडोजर

जतारा वन परिक्षेत्र में लगातार कार्यवाहीयों के चलते एक बार पुनः सोमवार को जतारा वन विभाग ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जोरदार कार्रवाई की। लंबे समय से वन भूमि पर कब्जा जमाए बैठे अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए विभाग ने बुलडोजर चलवाया। इस कार्रवाई में कई कच्चे और पक्के मकान जमींदोज कर दिए गए। साथ ही खेतों में जुताई कर रहे एक ट्रैक्टर को भी मौके से जप्त कर लिया गया।

### कच्चे पक्के अवैध मकान तोड़कर व खाई खोदकर बो दी गई कंटिली झाड़ियां



जतारा रेंज के करमौरा परिक्षेत्र सहायक वृत की बीट मगरई नंबर 1 के कक्ष क्रमांक पी-331 एवं 315 के वन क्षेत्र में घूरा और गुना गांव के लोगों द्वारा किए गए वर्षों पुराने अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए यह अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व रेंजर जतारा शिशुपाल अहिरवार ने स्वयं मौके पर रहकर किया। जतारा वन विभाग टीम ने जेसीबी मशीन लगाकर वन भूमि पर बने खेत और मकानों को ध्वस्त किया। साथ ही कार्रवाई के दौरान गहरी खाइयाँ और बड़े गड्ढे खोदे गए, ताकि अतिक्रमणकारियों को दोबारा कब्जा करने का मौका न मिल सके। इसके साथ ही चारों ओर ट्रेंच खोदकर उनमें कंटीली झाड़ियों के बीज बोए गए।

### अवैध कब्जाकर जुताई कर रहे ट्रैक्टर को जब्तकर किया अपराध दर्ज

कार्रवाई के दौरान बीट मगरई नंबर 1 के कक्ष क्रमांक 331 में गुना गांव के कुछ लोग वन भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई करते पाए गए। वन अमले ने तत्काल उन्हें बेदखल करते हुए एक नीले रंग का पावर ट्रैक ट्रैक्टर जब्त कर लिया। अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नामजद वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है और जब्त ट्रैक्टर को राजसात की कार्यवाही हेतु जतारा परिक्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में दिया गया कार्रवाई को अंजाम

जतारा वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार ने बताया कि यह अभियान वन संरक्षक वन वृत छतरपुर, वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ और उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा-निर्देश पर चलाया गया। पूरी कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में की गई। इसमें जतारा वन विभाग का संपूर्ण अमला मौजूद रहा। खबर लिखे जाने तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी थी। अधिकारियों ने साफ किया है कि वन भूमि पर कब्जा करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में भी इस तरह के अभियान निरंतर चलाए जाएंगे।

### रानीपुरा में मुक्तिधाम जाने का रास्ता जलमग्न

## अंतिम यात्रा भी बनी परीक्षा नाव के सहारे शव ले जाने को मजबूर परिजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहनगढ़

जिला टीकमगढ़ की मोहनगढ़ तहसील के अंतर्गत आने बाले रानीपुरा गांव में सोमवार को एक ऐसी घटना घटी जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया। गांव की 45 वर्षीय महिला फूलवती केवट की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। मृतक फूलवती के परिजनों ने जब उनका अंतिम संस्कार करने की तैयारी की तो उन्हें मुक्तिधाम पहुंचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा। क्योंकि पुलिया टूटी हुई थी और रास्ते में पानी भरा होने की बजह से मृतक फूलवती के परिजनों को नाव के सहारे अंतिम यात्रा निकालनी पड़ी।

दरअसल, मुक्तिधाम जाने वाले रास्ते में स्थित पठला घाट की पुलिया पिछले एक महीने से टूटी पड़ी है। बारिश का पानी तालाब में भरकर रास्ता डूबो चुका है। ऐसे में शव को सीधे ले जाना संभव नहीं था। मजबूर होकर परिजन और ग्रामीण शव को नाव में रखकर तालाब पार ले गए।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। हर साल बारिश के मौसम में यही स्थिति बनती है। सरपंच मुन्नी यादव ने बताया कि यह पुलिया वर्ष 2002 में बनाई गई थी, जो रानीपुरा को जाखी शंकरगढ़ गांव से जोड़ती है। पुलिया के पार ही पंचायत द्वारा मुक्तिधाम का निर्माण कराया गया है। पिछले साल भारी बारिश में पुलिया टूट गई थी। तब से ग्रामीण लगातार प्रशासन से इसकी मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह पहला मौका नहीं है जब अंतिम संस्कार में ग्रामीणों को ऐसी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा हो। इससे पहले बल्देवगढ़ ब्लॉक में भी लोगों को कमर तक पानी में चलकर मुक्तिधाम तक शव ले जाना पड़ा था।

ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। जनपद पंचायत जतारा के सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा ने दावा किया कि जैसे ही तालाब का ओवरफ्लो पानी कम होगा, पुलिया निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि आखिर कब तक लोग अपने परिजनों की अंतिम यात्रा इस तरह पानी और नाव के सहारे तय करने को मजबूर रहेंगे? ग्रामीणों की नाराजगी इस बात को लेकर भी है कि शासन-प्रशासन केवल आश्वासन देकर मामले को टाल देता है, जबकि पुलिया टूटने से हर रोज लोग परेशान होते हैं। लेकिन ये परिदृश्य देखकर प्रशासन का दिल नहीं पसीजता।

### एक लाख रुपये का चेक सौंप एसपी ने की आर्थिक मदद

## संवेदनशील पहल: स्वर्गीय सहायक उपनिरीक्षक की पत्नी को सौंपी परोपकार निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




पुलिस विभाग केवल कानून व्यवस्था का प्रहरी नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं से भरा एक परिवार भी है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अक्सर कहे जाने वाक्य का जीवंत उदाहरण मंगलवार, 16 सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में देखने को मिला, जब पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने स्वर्गीय सहायक उपनिरीक्षक हरिराम यादव की धर्मपत्नी लीला यादव को परोपकार निधि से एक लाख रुपये का चेक भेंट किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने लीला यादव से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी कुशलक्षेम जानी और आश्वस्त किया कि पूरा पुलिस परिवार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि

पुलिस केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक साझा परिवार है। कोई साथी हमसे बिछड़ भी जाए, लेकिन उसके परिजनों को हम कभी अकेला नहीं छोड़ेंगे। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने साथी को याद करते हुए भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि स्व. हरिराम यादव ने पुलिस सेवा में जो योगदान दिया, वह हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनके परिजनों के दुख को साझा करना पुलिस परिवार का कर्तव्य है।

यह पहल न केवल स्व. हरिराम यादव के परिवार के लिए संबल बनी, बल्कि पूरे जिले में यह संदेश भी दे गई कि पुलिस महकमा अपने प्रत्येक सदस्य के सुख-दुख में साथ खड़ा है। यह मानवीय कदम विभाग की संवेदनशीलता और सहकारिता की मिसाल है। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने माना कि पुलिस अधीक्षक मंडलोई का यह कदम समाज के लिए भी एक प्रेरणा है। जब कोई संस्था अपने साथियों को केवल कर्मचारी न मानकर परिवार समझती है, तभी रिश्तों की गहराई और संवेदनाओं की सच्चाई सामने आती है।

### रॉयल प्रेस क्लब का गठन, पत्रकारों की आवाज़ को मिलेगी नई ताकत

टीकमगढ़। जिले के पत्रकारों की सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए रॉयल प्रेस क्लब टीकमगढ़ इकाई का गठन किया गया है। इस अवसर पर जिलेभर से जुटे कलमकारों ने एक स्वर में कहा कि अब पत्रकारिता केवल सवाल उठाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पत्रकारों की आवाज़ को बुलंदी और सुरक्षा भी मिलेगी। रॉयल प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष पंकज भदौरिया के निर्देश अनुसार संयुक्त सचिव अंकित पचौरी एबं संभाग प्रभारी अफसर खान की सहमति से की गई गठन प्रक्रिया में सर्वसम्मति से पत्रकार सूर्य प्रकाश खरे अन्नू को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। और इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए ऊर्जावान पत्रकार वसीम खान को महासचिव और कर्मठ युवा पत्रकार पुष्पेंद्र द्विवेदी को सचिव चुना गया। वहीं संगठन की नींव को और मजबूत करने के लिए अनुभवी पत्रकार राजेश मिश्रा और सुरेंद्र सिंह परमार को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलाबा सदस्य रूप में पत्रकार मनोज सिंह, गोलू राजा बुंदेला, शुभम तिवारी, सत्येंद्र द्विबेदी, अमित द्विवेदी, सद्दाम राइन आदि को शामिल किया गया। गठन उपरांत आयोजित बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों को केंद्र में रखते हुए कई मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने साफ शब्दों में कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, लेकिन अक्सर उन्हें चुनौतियों और दबावों का सामना करना पड़ता है। पत्रकारों पर हमले और उत्पीड़न की घटनाएं चिंता का विषय हैं, ऐसे में संगठन उनकी ढाल बनेगा। शासन द्वारा चलाई जा रही पत्रकार कल्याण योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना क्लब की पहली प्राथमिकता होगी।




### दिव्यांग चिकित्सीय शिविर में 28 बच्चे हुए चयनित, जरूरी उपकरण वितरित

## पलेरा शिक्षा विभाग ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए की संवेदनशील पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



स्थानीय नगर में शिक्षा विभाग की पहल पर विकासखंड स्तरीय चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पलेरा ब्लॉक के दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराना रहा। जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय में आयोजित इस शिविर में ब्लॉक के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा पहली से आठवीं तक अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया। शिविर में लगभग 96 दिव्यांग बच्चों को सूची अनुसार बुलाया गया, जिनमें से कई बच्चे अपने-अपने विद्यालयों के शिक्षकों के साथ उपस्थित हुए। शिविर के दौरान बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण एलिम्को जबलपुर से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। टीम में अजीत तिवारी, भानु प्रताप, गौरव कुमार, कृष्ण कुमार और नरेश कुमार शामिल रहे। परीक्षण के बाद कुल 28 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर 54 उपकरणों के लिए चयनित किया गया, जिससे उनके दैनिक जीवन और शिक्षा में आसानी हो सकेगी। शिविर में शामिल दिव्यांग बच्चों के लिए शासन के निर्देशानुसार लंच पैकेट, पानी की व्यवस्था और आने-जाने का किराया भी प्रदान किया गया। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि किसी भी बच्चे और अभिभावक को अतिरिक्त आर्थिक बोझ न उठाना पड़े। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी और स्थानीय शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें भानु प्रकाश श्रीवास्तव बीआरसीसी, नीरेंद्र खरे, बिहारी लाल गुप्ता, पुष्पेंद्र भदौरिया, केपी अहिरवार, पुष्पेंद्र पाठक, कैलाश प्रसाद अहिरवार, अमर सिंह यादव, कांता प्रसाद वाल्मीकि, श्याम सुंदर अहिरवार, रईस खान, धर्मजीत अहिरवार, राजेंद्र खरे, प्रदीप गुप्ता, राजकुमार पटेरिया सहित अनेक शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए। यह शिविर न केवल दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि समाज में यह संदेश भी गया कि शिक्षा विभाग और शासन दिव्यांग विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए गंभीर और प्रतिबद्ध है। इस पहल ने पलेरा नगर में संवेदनशीलता और सहयोग की एक मिसाल पेश की।

### बच्चों के जीवन में शिक्षा की रोशनी जगाने पुलिस का प्रयास

## महिला सेल और समाजसेवियों की पहल से मासूम चेहरों पर आई मुस्कान



टीकमगढ़। पुलिस का मानवीय और संवेदनशील चेहरा एक बार फिर तब सामने आया जब पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में महिला सेल प्रभारी रानू विश्वकर्मा व इनकी टीम और समाजसेवी सीमा पटेल 15 सितम्बर को अनगड़ा ग्राम पहुँचे, जहाँ बच्चों के जीवन में शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास की नई रोशनी जगाने का प्रयास किया गया। ग्राम के लगभग 50 से 60 बच्चों को शिक्षा सामग्री जैसे पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर आदि वितरित की गई। जिससे ग्रामीण बच्चो को पढ़ाई के दौरान किसी चीज की कमी महसूस न हो। इसके बाद बच्चों को सरल भाषा में पढ़ाई का महत्व समझाया गया और उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें इस पहल ने बच्चों के मन में पढ़ाई और उज्जवल भविष्य के प्रति उत्साह जगाया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि छोटी बच्चियों को ॥गुड टच॥ और बैड टच जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आत्मसुरक्षा और जागरूकता से जुड़ी इस पहल ने बालिकाओं के मन में आत्मविश्वास बढ़ाया और उनके अधिकारों के प्रति सजगता भी पैदा की। इस दौरान मासूमों को सिर्फ पढ़ाई की सामग्री ही नहीं, बल्कि बच्चों को कपड़े और फल भी भेंट किए गए। छोटे-छोटे हाथों में किताबें और चेहरों पर खिली मुस्कान ने पूरे माहौल को भावुक और आत्मीय बना दिया। इस प्रेरक कार्यक्रम में महिला सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, महिला आरक्षक मानसी तिवारी और समाजसेवी सीमा पटेल की सक्रिय उपस्थिति रही।

### एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सहित अन्य थानों में भी सुनी गई समस्याएं

## जनसुनवाई शिविर घटा रहे पुलिस और जनता के बीच की दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले में पुलिस और आमजन के बीच दूरियो व अविश्वास की दीवारों को तोड़ने तथा संवाद का सेतु मजबूत करने के उद्देश्य से निरंतर सराहनीय पहल कर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुरू की गईं जनता की समस्याओ को सुनने के लिये जिले के अलग-अलग स्थानों पर जनसुनवाई और नागरिक संवाद शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से जनता सीधे पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रख रही है और उन्हें त्वरित समाधान भी मिल रहा है। मुख्यालय में आयोजित ऐसे ही शिविर में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे, जिन्होंने अपनी-अपनी समस्याओं को सीधे सामने रखा। कई मामलों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों पर शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस दौरान लोगों के चेहरों पर यह संतोष साफ झलक रहा था कि उनकी आवाज न केवल सुनी जा रही है, बल्कि गंभीरता से समाधान की दिशा में ठोस कदम भी उठाए जा रहे हैं। जनसुनवाई शिविर में यह स्पष्ट दिखाई दिया कि पुलिस प्रशासन अब संवेदनशील और पारदर्शी कार्यप्रणाली को प्राथमिकता दे रहा है। शिकायतों के निराकरण में समयबद्धता, निष्पक्षता और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने भी नागरिकों से खुलकर संवाद किया और भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को टाला नहीं जाएगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जनता का विश्वास अर्जित करना भी है। उन्होंने कहा कि हमारी मंशा है कि हर नागरिक यह महसूस करे कि उसकी बात न केवल सुनी जा रही है बल्कि समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास भी किए जा रहे हैं। जनता का भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आने वाले दिनों में भी ऐसे जनसुनवाई शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे। न केवल जिला मुख्यालय बल्कि थाना और चौकी स्तर पर भी यह पहल आगे बढ़ाई जाएगी, ताकि आम नागरिक को अपनी समस्याएं बताने के लिए कहीं भटकना न पड़े। इन शिविरों का लक्ष्य यही है कि पुलिस और जनता के बीच की दूरी पूरी तरह खत्म हो और दोनों के बीच सहयोग, विश्वास और पारदर्शिता का रिश्ता और अधिक मजबूत हो।

### नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में पुलिस

# नशा कारोबार को संरक्षण दे रहे पुलिसवालों पर होगी कार्रवाई,बन रही गोपनीय सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में बढते अवैध नशा कारोबार को बंद कराने के लिए जहां आम नागरिक सडक पर उतरकर आंदोलन करने की रणनीति बना रहे है। वहीं पुलिस भी अवैध नशा कारोबार में लिप्त लोगों पर बडी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। यही नहीं, इस अवैध नशा कारोबार को जो पुलिसकर्मी संरक्षण प्रदान कर रहे है,उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नवागत पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने अपने भरोसमंद पुलिस अधिकारियों के साथही सभी थाना प्रभारियों को इस संबंध में गोपनीय स्तर पर सूची तैयार करते हुए उसे जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश जारी कर दिए है।

नवागत एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल का कहना है कि नशा कारोबार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जाएगा।

दरअसल जिले में गांजा,स्मैक सहित अन्य प्रतिबंधित नशा कारोबार काफी तेजी से बढता जा रहा है। जिसकी गिरफ्त में सबसे अधिक युवा वर्ग आ रहा है। जिले के कई युवा तो ऐसे है जो इस नशे की लत के शिकार होकर न सिर्फ अपना घर परिवार बर्बाद कर चुके है,बल्कि कई लोगों की मौत तक भी हो चुकी है। खुलेआम नशा करते युवाओं के वीडियो भी आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। ऐसे में अब जिलेभर के लोग बढते नशा कारोबार को पूरी तरह बंद कराने की मांग उठा रहे है। उधर नवागत पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल ने भी पदभार ग्रहण करने के साथही नशा कारोबार पर नकेल कसने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। सूत्र बता रहे है कि नशा कारोबार में कौन कौन लिप्त है तथा इसे कौन कौन संरक्षण दे रहा है,इसकी सूची पुलिस कप्तान अपने स्तर पर बनवा रहे है,इसके साथही नशा कारोबार की जडे जिले में कितनी गहरी हो गई है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस कप्तान अपने स्तर पर जिले का भ्रमण करेगे। इसके बाद पुलिस नशा के खिलाफ बडी कार्रवाई करने का कदम उठाएगी।



#### संरक्षण दे रहे पुलिसकर्मियों का एसपी खुद लगाएंगे पता

नशे के खिलाफ बडी कार्रवाई करने की योजना बना रहे पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल ने इस बात को भी स्वीकार किया है कि जो नशा कारोबार चल रहा है,उसे कोई न कोई पुलिसकर्मी जरूर संरक्षण दे रहा है। क्योंकि बिना संरक्षण कोई अवैध कारोबार किसी भी थाना क्षेत्र में संचालित होना संभव नहीं है। सूत्र बता रहे है कि इस मामले में पुलिस कप्तान अग्रवाल अपने स्तर पर ऐसे पुलिसकर्मियों को पता करेगे जो किसी न किसी रूप में नशा कारोबारियों से सांठगांठ करके इसे संरक्षण दे रहे है। इसके बाद उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगे।

#### आज शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी रैली नशा मुक्ति आंदोलन का होगा शंखनाद

बढते अवैध नशा कारोबार को बंद कराने और श्योपुर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिले के युवा बुधवार 17 सितंबर से नशा मुक्ति आंदोलन का शंखनाद करेगे। नशा मुक्ति आंदोलन में शामिल समाजसेवी मुकेश हिरनीखेडा ने बताया कि इस आंदोलन में शामिल होने वाले शहर सहित जिलेभर के लोग 17 सितंबर को दोपहर एक बजे श्री हजारेश्वर पार्क में एकत्रित होगे। यहां से नशा मुक्ति रैली निकाली जाएगी, यह रैली शहर के पुराना बस स्टैंड, बडौदा रोड, पुल दरवाजा, गणेश बाजार, मुख्य बाजार होते हुए कोतवाली थाने पर पहुंचेगी। जहां कोतवाली थाने का घेराव करते हुए जिले के जिम्मेदार प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों के ज्ञापन सौपकर नशा मुक्ति आंदोलन का शंखनाद कर दिया जाएगा।

#### कार्रवाई करेगे

नशा कारोबार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जाएगा। नशा कारोबार में जो लोग लिप्त है,उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशा कारोबार को संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों का भी पता लगाया जा रहा है। जिस भी पुलिसकर्मी की नशा कारोबार को संरक्षण देने में संलिप्तता मिलेगी,उसे किसी भी कीमत पर छोडा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

सुधीर कुमार अग्रवाल
पुलिस अधीक्षक श्योपुर

### तीन साल पहले आरोपी के कब्जे से जब्त की गई थी 6 ग्राम स्मैक

# स्मैक तस्कर को तीन साल का सश्रम कारावास,पांच हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

तीन साल पहले दबोचे गए एक स्मैक तस्कर को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने तीन साल का सश्रम कारावास और 5 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि 26 नवंबर 2022 को कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर श्रीरामजानकी मंदिर किला के पास से जमील पुत्र भोरिया हम्माल निवासी बडा इमामबाडा श्योपुर को अरेस्ट किया। तलाशी के दौरान जमील की पेंट से 6 ग्राम स्मैक जब्त की गई। पुलिस को पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी स्मैक तस्कर है,जो स्मैक को खफाने की फिराक में घूम रहा था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी जमील को दोषी मानते हुए तीन साल के सश्रम कारावास और 5 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।

#### दलित की मारपीट करने वाले दबंग भाईयों को छह माह का सश्रम कारावास,दो दो हजार का अर्थदंड

श्योपुर। खेत की मेड काटने का विरोध करने पर एक दलित युवक की मारपीट करने वाले दो दबंग भाईयों को श्योपुर न्यायालय ने छह छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुना दी,साथही दो दो हजार का अर्थदंड भी रोपित कर दिया है। तीन साल पुराना यह मामला वीरपुर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि ग्राम हारकुई निवासी फरियादी जब 1 नवंबर 2022 को अपने खेत में पानी दे रहा था,जबकि पडोसी खेत मालिक रामस्वरूप रावत के दो लडके पप्पू रावत और महेश रावत अपने खेत में गेंहू की बुबाई करते हुए खेत की मेड को भी काट रहे थे,जिसका फरियादी ने विरोध किया तो पप्पू रावत और महेश रावत ने जातीय अपमान करते हुए लातघूसे और लाठी से फरियादी की मारपीट कर दी। जब फरियादी की पत्नी बीच बचाव करने आई तो आरोपियों ने उसे भी धक्का देकर नीचे पटक दिया। इस मामले में वीरपुर थाना पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान विशेष न्यायालय एट्रोसिटीज श्योपुर में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान पप्पू रावत और महेश रावत को दोषी मानते हुए उन्हें 6-6 माह के सश्रम कारावास और 2-2 हजार के अर्थदंड से दंडित कर दिया है।

### जनसुनवाई में पहुंची भेरू खेड़ी की महिलाओं ने सुनाई पीड़ा

# पंचायत सचिव ने सीमांत किसानों को लिख दिया बड़े और मंझौले, पीएम आवास योजना से महरूम हो गया पूरा गांव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

साहब! हम अनुसूचित जाति वर्ग परिवार के हैं और किसी के पास भी दो बीघा से ज्यादा भूमि नहीं है। हमें अपनी आजीविका चलाने के लिए दूसरे के खेतों पर मजदूरी करना पड़ती है। गांव में किसी के पास भी रहने के लिए पक्का मकान नहीं है इसके बावजूद पंचायत सचिव ने हमारे नाम के आगे बड़े और मझौले किसान लिख दिया है। जिसके कारण हमें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह बात फिलोजपुरा ग्रामपंचायत के भेरूखेडी गांव से आई महिलाओं ने जनसुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को आवेदन देते हुए कही। हालांकि अपर कलेक्टर ने इस मामले में महिलाओं को किसी तरह की राहत देने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि यह जनगणना 2011 में गलत प्रविष्टि करने से हो गया है अब नई जनगणना में ही इसका सुधार किया जा सकता है। बाद में महिलाए लोक अधिकार केंद्र पहुंच गई जहां मौजूद समता सखी शेला बैरवा ने उन्हें जिला पंचायत में पीएम आवास योजना प्रभारी से मिलवाकर कुछ हद तक संतुष्टि दिलाई।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सरकारी योजना की जानकारी देने ओर उन्हें निःशुल्क विधिक सेवा सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से एनआरएलएम के माध्यम से गठित किए गए लोकसेवा केंद्रों में सेवा प्रदाता समता सखी के रूप में पदस्थ शेला बैरवा के पास पहुंची महिलाओं ने बताया कि कलेक्टर ने भी उनकी सुनवाई करने से इनकार कर दिया तो समता सखी उन्हें जिला पंचायत कार्यालय लेकर पहुंच गई जहां पीएम आवास प्रभारी सारिका पाटीदार ने उन्हें बताया कि उनके नाम जनगणना सूची में 2011 में सीमांत किसान के बजाय बड़े और मझोली किसान के रूप में दर्ज हो गए हैं, इसलिए पोर्टल उनके नाम स्वीकार नहीं कर रहा है। अब पीएम आवास योजना 0.2 में सुधार किया गया है ऐसे सभी परिवार जो त्रुटि के अपात्र हो गए थे उन्हें दोबारा जोड़ लिया गया है इन्हें आगामी समय में पीएम आवास का लाभ मिल जाएगा।

#### क्या होता है सीमांत मझौले और बड़े किसान

एक हेक्टेयर (लगभग 2.5 एकड़) या उससे कम कृषि भूमि पर खेती करता है. ये किसान अक्सर गरीब होते हैं। जिन्हें सीमांत किसान बोला जाता है। जिनके पास 10 हेक्टेयर (लगभग 25 एकड़) से अधिक भूमि होती है। जो आधुनिक कृषि तकनीकों को अपना कर खेती करते हैं बड़े किसान कहलाते हैं। जिन किसानों के पास 2 से 10 हेक्टेयर ज़मीन होती है वो सीमांत किसान कहलाते हैं।

# ग्राम महुआमार पहुंचा ज्योति कलश रथ,हुआ भव्य स्वागत



श्योपुर। देश भ्रमण पर निकले ज्योति कलश यात्रा रथ इन दिनों जिले के प्रवास पर है जिले के विभिन्न गांव का भ्रमण करते हुए मंगलवार को ज्योति कलश यात्रा महुआमार गांव पहुंची जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।
महुआमार में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने गायत्री माता,पूज्य गुरुदेव व परम वंदनीय माताजी की जय जयकार करते हुए ज्योति कलश का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा पूजन अर्चन कर आरती की तथा प्रसाद वितरण किया कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखने काबिल था। ग्राम भ्रमण के उपरांत यहां पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसका संचालन चौथमल शर्मा, आदित्य चौहान, गिर्राज सोनी व बाबूलाल सेन ने किया।यज्ञ की पूर्णाहुति के रूप में लोगों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया। यहां से प्रस्थान कर ज्योति कलश जीवन नगर पहुंचा जहां गुरुद्वारे पर ज्योति कलश का भावभीना स्वागत किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक कलश का पूजन अर्चन किया तथा गायत्री माता की आरती की। अपने अगले कार्यक्रम के लिए ज्योति कलश रथ रघुनाथ पुर पहुंचा जहां उपस्थित ग्रामवासियों ने ज्योति कलश का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा पूजन व आरती की। सायंबेला में महिलायें दीप सजाकर गुसाईं जी के मंदिर पर पहुंची जहां भव्य दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री व महामृत्युंजय मंत्र के साथ विश्व शांति के भाव के साथ आहुतियां दी गई। कार्यक्रम में श्योपुर से बंटी लोधा, लेखराज सुमन दारासिंह वीरपुर से योगेश मरैया सियाराम शर्मा पूर्व सरपंच सुठारा, महुआ मार में माखन बंजारा, सुखराम पटेल, दिलीप बंजारा, राजाराम बंजारा रघुनाथ पुर में रोहित गुप्ता, देवीशंकर गुसाईं, रामजी लाल माहौर, जयप्रकाश मरैया,विशंभर दयाल सोनी,विजय भदौरिया,आकाश जादौन आदि का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# पांचाल समाज आज मनाएगा विश्वकर्मा पूजन दिवस, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्री विश्वकर्मा पांचाल (लुहार ) समाज श्योपुर 17 सितंबर को अपने आराध्य विश्वकर्मा का पूजन दिवस मनाएगा। इस मौके पर शहर श्योपुर में एक शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। श्री विश्वकर्मा पांचाल शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति जिला श्योपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज जिला श्योपुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि 17 सितंबर को सुबह 10 बजे से श्री विश्वकर्मा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बडी संख्या में समाजीय लोग शामिल होगे। गाजेबाजे के साथ यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा के बाद सायं 5 बजे भोजन प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित होगा,जो कि बडौदा रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मथुरालाल धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद रात्रि जागरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

#### सीएमएचओ ने किया उगना सहराने का भ्रमण



श्योपुर। कराहल के उगना सहराने में एक आदिवासी बालिका की बीमारी से मौत के बाद मंगलवार को सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार ने उगना सहराने का भ्रमण किया तथा बीएमओ कराहल डॉ सौरभ कुशवाह के नेतृत्व में उगना के सहराना में जारी फॉलोअप एवं स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली गई। सीएमएचओ ने बीएमओ को निर्देश दिये कि उगना के सहराने में सीएचओ तथा एएनएम के माध्यम से लगातार फॉलोअप किया जायें तथा आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया जायें। सीएमएचओ ने डॉ सिकरवार ने ग्राम के भ्रमण के बाद जानकारी दी कि गत 14 सितंबर को ग्राम उगना सहराना कराहल में बालिका रूबी उम्र 04 वर्ष पुत्री दिनेश आदिवासी की श्वास लेने में परेशानी एवं सर्दी, खांसी व बुखार के चलते मृत्यु हो गई थी। बालिका के परिजनो द्वारा बीमार होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल न लाते हुए अपने स्तर से प्रायवेट उपचार कराया गया, जबकि 01 किलोमीटर दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल है, तब भी उनके द्वारा अस्पताल कराहल में नही लाया गया। उन्होने ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से अपील की कि बीमार होने पर तत्काल अस्पताल लेकर आयें तथा चिकित्सको द्वारा दिये गये परामर्श अनुसार दवाई लें।

#### महिला को जेठ के लड़के ने पीटा,एफआईआर दर्ज

श्योपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके जेठ के लडके के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि चैनपुरा श्योपुर निवासी महिला कमला आर्य पत्नी जगदीश आर्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती शाम को जब वह घर का काम कर रही थी,तभी उसके जेठ का लडका हरिओम आर्य उसके पास पहुंचा और महिला थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात को लेकर मुझसे गाली गलौच करने लगा, जब गाली गलौच करने से मना किया तो उसने थापघूसों से मेरी मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में हरिओम आर्य के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# 6 गांवों में आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर, 419 लोगों ने कराया इलाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




मंगलवार को आयुष विभाग ने जिले 6 गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए जीने 419 लोगों पहुंचकर इलाज़ कराया। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने प्रेस नोट जारी कर दी।

जिला आयुष अधिकारी डॉ वर्मा ने बताया कि संचालनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार आयुष विभाग श्योपुर के अंतर्गत सभी 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पांडोला, बगवाज, इकलोद, कराहल, सोंठवा, सूसवाड़ा पर मानसिक स्वास्थ्य रोगों की जांच एवं बुनियादी प्रबंधन थीम के अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमे संपूर्ण जिले में लगभग 419 लाभार्थी लाभान्वित हुए।शिविर में थीम अनुसार विभिन्न मानसिक रोगों जैसे चिंता, मानसिक तनाव,अवसाद,अनिद्रा, थकान, आदि रोग के अलावा, उच्चरक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, रक्ताल्पता, अर्श, जोड़ दर्द, मूत्र विकार, त्वचा विकार साथ ही सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, सिरदर्द, गले में खराश, दस्त, उल्टी, पेट दर्द, एलर्जी, आंखों में जलन आदि के मरीजों का उपचार किया गया एवं निशुल्क औषधि वितरण किया गया, लाभार्थियों को, योग प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या, औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी गई।


### कूनो में चीता प्रोजेक्ट सफ़ल या अभी दोराहे पर खड़ी हैं उम्मीदें

# गांधीसागर में चीतों का कुनवा बढाने आज कूनो नेशनल पार्क से कूच करेगी "धीरा"

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

17 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 72 वें जन्म दिवस के अवसर पर कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए चीतों को छोड़कर 70 साल पहले चीतों से विलुप्त हुई देश की धरती पर दोबारा से चीते बसाने का इतिहास रच दिया था। तब शुरू किए गए चीता प्रोजेक्ट से जो उम्मीदें जगाई थी वो पूरी हुई या कूनो में चीता प्रोजेक्ट अभी भी उम्मीद के दोराहे पर खड़ा हुआ है। खासकर तब जब श्योपुर जिले से इन तीन सालों में ऑनली चीता डिस्टिक का खिताब छीन लिया गया है। क्योंकि दो नर चीते पहले ही गांधीसागर नेशनल पार्क में भेजे जा चुके हैं, अब एक मादा चीता धीरा को 17 सितंबर को चीता प्रोजेक्ट की तीसरी वर्षगांठ पर गांधीसागर भेजा जाएगा। जहां यह मादा चीतो का कुनबा बढाएगी।

नामीबिया और अफ्रीका से लाए गए चीते इन तीन सालों में अधिकतर समय खुले वन के बजाए बाड़ों में बंद अधिक रहे। बाड़ों से छोड़ते ही चीते दूसरे जिलों और राजस्थान तक निकल गए। कुछ चीतों की मौत संक्रमण व अज्ञात व अन्य कारणों से हो गई जिससे चीता प्रोजेक्ट को जोरदार झटका लगा और बाद में चीतों की जंगल में पकड़ कर वापस बाड़ों में बंद कर दिया गया 2 साल तक बाड़े में बंद रहने के बाद अब फिर से चीतों को खुले आजाद किया गया है। लेकिन कूनो प्रशासन की उम्मीदों को तब झटका लगा जब एक मादा चीता ज्वाला चंबल जैसी विशाल घड़ियालों से भरी नदी पार कर राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में टाइगर की टेरेटरी वाले जंगल में पहुंच गई जहां से उसे ट्रेंकुलाइज कर वापस लाया गया। कूनो पार्क प्रबंधन ने चीतो की लगातार होने वाली मौत से थोड़ी राहत की सांस ली थी कि सोमवार को एक दुखद खबर फिर यह आ गई कि देशी मादा चीता शावक जंगल में मृत अवस्था में मिली।



#### कूनो में अब 25 चीते, जिनमें से 13 भारतीय

वर्तमान में कुनो नेशनल पार्क में कुल 25 बीते मौजूद हैं, जिनमें 8 दक्षिण अफ्रीका से, नामिबिया से लाए गए थे और 14 भारत में जन्मे शावक शामिल थे जिनमें से एक की मौत सोमवार को हो जाने के बाद अब 13 देशी चीते बचे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन चीतों को निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि ये नए पर्यावरण में सुरक्षित रूप से घुल सके।

#### सुबह 6 बजे सड़क मार्ग से गांधीसागर के लिए रवाना होगी धीरा

चीता प्रॉजेक्ट की तीसरी वर्षगांठ पर सात साल की मादा चीता धीरा को कूनो नेशनल पार्क से मंदसौर जिले में स्थित गांधीसागर अभ्यारण्य में ले जाया जाएगा। कूनो पार्क प्रबंधन की माने तो मादा चीता धीरा को कूनो पार्क के विशेषज्ञो की एक टीम बुधवार की सुबह 6 बजे मादा चीता धीरा को विशेष वाहन के जरिए सडक मार्ग से गांधीसागर के लिए रवाना हो जाएगी। धीरा को ले जाने वाला वाहन श्योपुर, बारां,झालावाड होते हुए गांधीसागर अभ्यारण्य में पहुंचेगा। करीब आठ घंटे की इस यात्रा के दौरान किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी सुविधाओं वाला वाहन और मेडिकल टीम भी धीरा को ले जाने वाले वाहन के साथ रहेगी। बता दें कि गांधीसागर में पहले से दो नर चीते पावक और प्रभास मौजूद है,जिनके साथ रहकर यह मादा चीता धीरा वहां अपना कुनबा बढाएगी।

#### इनका कहना

मादा चीता धीरा को विशेष सुरक्षा प्रबंधो के बीच बुधवार की सुबह 6 बजे कूनो पार्क से गांधीसागर अभ्यारण्य के लिए भेजा जाएगा। गांधीसागर में पहले से दो नर चीते मौजूद है।

आर थिरूकुलर
डीएफओ,कूनो श्योपुर

# सात दिन में यातायात पुलिस ने 492 वाहनों से वसूला 1 लाख 90 हजार का जुर्माना

#### 17 वाहन चालकों के लाइसेंस भी किए गए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

15 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत यातायात थाना पुलिस ने जिले की सडकों पर उतरकर लगातार वाहनों की चैकिंग कर रही है और नियम तोडते हुए पकडे जाने वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना भी वसूल रही है। यही नहीं, जो वाहन चालक समझाइस के बाद भी नियम तोडने से बाज नहीं आ रहे है,उनके लाइसेंस भी निलंबित कराने की कार्रवाई कर रही है।

यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सात दिन से लगातार वाहन चैकिंग की जा रही है। इन सात दिनों में 492 वाहनों के चालक यातायात नियमां का उल्लंघन करते हुए पकडे गए है। जिनमें 323 वाहन चालक बिना हेलमेट, 12 वाहन ओवर लोडिंग,145 वाहन बिना सीट बेल्ट, 8 वाहन ओवर स्पीड, 2 वाहन बिना लाईसेंस,2 वाहन चालक मोबाइल पर बात करते हुए पकडे गए है। इन वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए उनके चालको से 1 लाख 90 हजार रूपए की राशि बतौर जुर्माना वसूली गई है। यही नहीं, 17 वाहन चालको के लाइसेंस भी निलंबित किए जाने की कार्रवाई की गई है।



खबर संक्षेप

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**बीना।** भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने जा रहा है, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत आज सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर के साथ होगी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मेरे शरीर का कण-कण, मेरे जीवन का क्षण-क्षण मेरे देशवासियों को समर्पित है ऐसे विचार रखने वाले महापुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने जा रहा है। जिसका शुभारंभ सिविल अस्पताल में सुबह 11:30 बजे से रक्तदान शिविर के साथ होगा। उन्होंने सभी भाजपा पदाधिकारी, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं अन्य संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्य कार्यकर्ताओं रक्तदान कर किसी को नया जीवन देने का संकल्प लिए रक्तदान शिविर में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 15 दिनों तक धार्मिक, सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही अन्य आयोजन किए जाएंगे।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओमप्रकाश साहू, अमित साहू निवासी ग्राम झीला ने प्रधान आरक्षक विजय रघुवंशी के साथ मारपीट की और शासकीय कार्य में बांध पहुचाते हुए सिर पर ईट मारी। जिस पर से पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरसौद निवासी दर्शनाबाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्ष्मीबाई और आरतीबाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत काजी कॉलोनी मुंगावली निवासी राकेश कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सचिन सांसी, बल्लू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## सर्प दंश से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत प्रदीप पुत्र हल्केराम कुशाह उम्र 20 साल निवासी ग्राम ढुडेर को खेत की मेढ़ पर सर्प ने डस लिया था जिससे उसकी मौत हो गई। मुंगावली पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

## अज्ञात चोर केशोपुर से पिपरई के बीच तार चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बेलई निवासी प्रदीप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोरी कोशोपुर से पिपरई के बीच विधुत तार और उसमें लगा सामान चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका नियमित रूप से नहीं खोलतीं केंद्र !

# आंगनबाड़ी नहीं खुलने से ग्रामीण परेशान ताले में कैद जुगहा गांव के बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत घसारही के जुगहा गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। आंगनबाड़ी जो बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य का आधार मानी जाती है, यहां महीने में केवल एक या दो दिन, वह भी सिर्फ मंगलवार को खुलती है। आधिकारिक समय सुबह 9:30 से दोपहर 2 बजे तक है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका नियमित रूप से केंद्र नहीं खोलतीं। इससे बच्चों को न तो समय पर पोषण आहार मिल पाता है और न ही प्रारंभिक शिक्षा का लाभ।

ग्रामीण चेन सिंह ठाकुर का कहना है कि यह स्थिति बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, क्योंकि आंगनबाड़ी का उद्देश्य ही छोटे बच्चों को पोषण और शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह केंद्र नाममात्र का रह गया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है।

**आंगनबाड़ी के बाहर गंदगी का अंबार, ग्रामीणों ने स्वच्छ भारत अभियान पर उठाए सवाल**




आंगनबाड़ी केंद्र की बदहाली केवल ताले तक सीमित नहीं है; परिसर की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है। केंद्र के आसपास कचरे के ढेर लगे हैं और परिसर में घास उग आई है, जो स्वच्छ भारत अभियान की मूल भावना को चोट पहुंचाता है। यह गंदगी न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि इससे मच्छर और अन्य कीटाणुओं के कारण बीमारियां फैलने का भी डर है। ग्रामीण भगवान सिंह पाल ने बताया कि जब आंगनबाड़ी कभी-कभार मंगलवार को खुलती है, तो कार्यकर्ता और सहायिका पेड़ के नीचे बच्चों को पोषण आहार बांटकर चली जाती हैं, बिना परिसर की सफाई या व्यवस्था पर ध्यान दिए। बच्चों को गंदे माहौल में बैठना पड़ता है, जिससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। माता-पिता चिंतित हैं कि ऐसी स्थिति में बच्चे कुपोषण और बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह केंद्र बच्चों के लिए सुविधा के बजाय खतरे का सबब बन गया है।

**ग्रामीणों की मांग आंगनबाड़ी में लापरवाही पर लगे लगाम**

जुगहा गांव के निवासियों का गुस्सा अब चरम पर है। उनका कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका केवल वेतन ले रही हैं, लेकिन काम के नाम पर शून्य हैं। बच्चों को न तो नियमित पोषण आहार मिलता है और न ही प्री-स्कूल शिक्षा, जो आंगनबाड़ी का मुख्य उद्देश्य है। इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए और आंगनबाड़ी को नियमित रूप से खोलने के साथ-साथ परिसर की सफाई सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि कार्यकर्ता और सहायिका अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर सकतीं, तो उनकी जगह ऐसे लोगों को नियुक्त किया जाए जो बच्चों के भविष्य के प्रति जिम्मेदार हों। यह स्थिति न केवल जुगहा गांव की है, बल्कि यह उन तमाम ग्रामीण क्षेत्रों की कहानी को दर्शाती है, जहां सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं।

**इनका कहना है**

मैं आज या कल में निरीक्षण करने जाता हूं। मौके पर जो भी कमी होगी कार्यवाही की जाएगी।
**एस शेखरन,** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास केंद्र करैरा

# विधायक ने 124 छात्र-छात्राओं को वितरित की साइकिलें




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के करैरा, अनुविभाग के अंतर्गत विकासखंड नरवर स्थित ग्राम करही के हायर सेकंडरी विद्यालय में मंगलवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करैरा के क्षेत्रीय विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत 124 छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। साइकिल प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसका प्रस्तुतीकरण छात्राओं काजल रावत और जया सोलंकी ने किया। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद सडैया ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर करही पंचायत के गणमान्य नागरिक, विद्यालय का पूरा स्टाफ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। साइकिल वितरण करते हुए विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का वास्तविक आधार है और प्रदेश सरकार बच्चों को पढ़ाई में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थानीय मांग के अनुरूप शीघ्र ही कृषि संकाय प्रारंभ किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्र कृषि संबंधी ज्ञान अर्जित कर सकेंगे।

# जनसुनवाई में पिछोर एसडीएम ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**शिवपुरी।** जिले के पिछोर मे मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई के अंतर्गत मंगलवार को पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी ममता शाक्य ने विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में आमजनों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निराकरण किया। जनसुनवाई में कब्जा, आवास कुटीर, पट्टा, मध्यान्ह भोजन, सीमांकन, आंगनवाड़ी नियुक्ति, नकल और बीपीएल कार्ड बनवाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अंजली अहिरवार ने आंगनवाड़ी नियुक्ति में फर्जी बीपीएल कार्ड लगाए जाने की शिकायत प्रस्तुत की। रतिराम पाल ने खसरा और नकल न मिलने की समस्या रखी, जिस पर एसडीएम ने खनियाधाना नकल शाखा प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

खनियाधाना वार्ड क्रमांक 01 के जगदीश कोली और मोनू परिहार ने नाली बंद करने संबंधी आवेदन दिया, वहीं रेतबाई मोहल्ला के निवासियों ने सफाई की समस्या रखी, जिस पर सीएमओ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शासकीय माध्यमिक विद्यालय घिलोदरा के ग्रामवासियों ने मध्यान्ह भोजन मेनू अनुसार वितरण की



मांग की, जिस पर जांच कराने के निर्देश दिए गए। वार्ड क्रमांक 14 के अरविंद रजक ने वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार को शीघ्र नाम जोड़ने के निर्देश मिले। ग्राम पंचायत गजौरा मजरा रामपुरा के ग्रामीणों ने रास्ते की खराब स्थिति और विद्यार्थियों को हो रही परेशानी की शिकायत की, जिस पर सीईओ को जांच हेतु निर्देशित किया गया।

इसी प्रकार बीपीएल कार्ड और जाति प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी आवेदन भी प्राप्त हुए। जनसुनवाई में पिछोर तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, नायब तहसीलदार शुभम गर्ग, सीडीपीओ अरविंद तिवारी, खाद्य आपूर्ति अधिकारी जगदीप राजपूत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वरोजगार में विविध क्षेत्र हैं, अपनी रुचि अनुसार क्षेत्र चयन जरूरी है : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण निःशुल्क हस्तकला विधा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने कहा स्वरोजगार में विविध क्षेत्र हैं, अपनी रुचि अनुसार क्षेत्र चयन जरूरी है। डॉ रश्मि जैन प्रभारी कैरियर प्रकोष्ठ ने कहा उद्यमी के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्धता अति महत्वपूर्ण है। शासन की योजनाएं महत्वपूर्ण कड़ी है। इस प्रशिक्षण में छात्राएं विविध प्रकार की आकर्षक हस्तकला का प्रशिक्षण ले रही हैं।

इस अवसर पर महेश पाल प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सागर को वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता विषय पर व्याख्यान देने आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के क्षेत्र में



स्थापित होने के लिए उद्यमी को धन की आवश्यकता होती है। उद्यमी के लिए शासन द्वारा महत्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वित हैं। उन्होंने छात्राओं को शासन की योजनाओं को विस्तार पूर्वक समझाया। शासन की ऋण योजनाओं का लाभ सब्सिडी अनुदान की जानकारी छात्राओं को दी। उद्योगों के विविध क्षेत्रों में स्थापित होना ऋण योजना, ऋण लाभ, ऋण वापिसी की जानकारी से छात्राओं को लाभान्वित किया। छात्रों ने प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार आरती ठाकुर अतिथि विद्वान वाणिज्य ने किया। इस अवसर पर डॉ उमा लवानिया, डॉ आशीष गुप्ता, डॉ दिनेश राय सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

### एसडीएम ने की छापामार कार्रवाई

# भानगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर मिली 250 बोरी नकली खाद

**बीना।** जहां खाद के लिए किसान परेशान है। वहीं भानगढ़ में एसडीएम ने छापामार कार्रवाई करते हुए अलग- अलग स्थानों से 250 बोरी नकली खाद जब्त की है। भानगढ़ पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ उर्वरा अधिनियम 1985 की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी अनुसार मंगलवार को एसडीएम विजय डेहरिया ने छापामार कार्रवाई करते हुए 250 बोरी नकली खाद जब्त की। पकड़ी गई खाद रेत में रंग मिलाकर तैयार की गई थी। एक मकान में लगे ताले को तोड़कर अंदर से 100 बोरी नकली खाद बरामद हुई। वहीं दूसरी जगह दबिश दी गई, जो सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाई गई थी। यहां से करीब 150 बोरी खाद मिली। जांच में स्पष्ट हुआ कि खाद असली नहीं थी, बल्कि रेत में रंग मिलाकर उसे खाद का रूप दिया गया था। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की नकली खाद फसल को नुकसान पहुंचा सकती है और किसानों की मेहनत पर पानी फेर सकती है।

गौरतलब है कि जिम्मेदार के एसडीएम ने उनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए भानगढ़ पुलिस को पत्र लिखा



है। साथ ही एसडीएम ने किसानों से अपील की किसान केवल अधिकृत डीलरों से ही खाद खरीदें। साथ ही कहा कि सरकार लगातार खाद की आपूर्ति बढ़ाने की कोशिश कर रही है। भानगढ़ पुलिस ने बताया कि सुरेंद्र जैन एवं पप्पू जैन के खिलाफ उर्वरा अधिनियम 1985 की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन दोनों से खाद स्टाक के दस्तावेज मांगे गए, जो उपलब्ध नहीं कर सके। खाद की जांच की जा रही है, जांच में ही पता चल सकेगा कि खाद असली है या नकली।

## जिले में कई स्थानों पर जुआ के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की

**अशोकनगर।** जिले में पुलिस ने कई स्थानों पर जुए के अड्डों पर छापामार कार्यवाही की है। पुलिस ने पुरानी गल्ला मण्डी में तास के पत्तों से जुआ खेलते हुए साहिद खान, रफीक खान, असरफ खान को गिरफ्तार किया है जिनके पास से तास की गडडी और 4 हजार रूपए बरामद किए है। कोतवाली पुलिस ने रमपुरा मोहल्ला में तास के पत्तों से जुआ खेलते हुए सुनील साहू, धर्मेंद्र अहिरवार, धर्मवीर प्रजापति को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 5 हजार रूपए और तास की गडडी बरामद की गई है। कोतवाली पुलिस ने ही पुरानी गल्ला मण्डी में तास के पत्तों से जुआ खेलते हुए काशीराम कोरी, बृजेश कुशवाह, सकील अहमद, साजिद खान को गिरफ्तार किया है।

# हल्की बारिश में ही भर गया पानी स्टेशन पहुंचने में यात्रियों को परेशानी






**बीना।** मंगलवार को दोपहर हल्की बारिश हुई। लेकिन रेलवे स्टेशन के बाहर बारिश के पानी की निकासी नहीं होने के कारण मैदान बारिश के पानी से भर गया। जिससे स्टेशन के अंदर जाने एवं स्टेशन से बाहर आने वाले यात्रियों को आवागमन में परेशानी हुई। गौरतलब है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त साफ-सफाई नहीं होने के कारण नालियां चौक है। जिस कारण थोड़ी सी बारिश में पानी रेलवे क्षेत्र में जमा हो जाता है और लोगों को परेशान होना पड़ता है।

# भक्तमाल कथा का किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

राधे राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा पाठक वार्ड स्थित मुरलिका हाल में पितरों के कल्याण के लिए भक्तमाल कथा का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तमाल कथा के संबंध में भक्त माली कुंज बिहारी दास ने बताया कि भक्तमाल कथा नाभादास द्वारा रचित श्री भक्तमाल ग्रंथ में वर्णित भक्तों की कथाएं हैं। यह ग्रंथ विभिन्न युगों के 200 से अधिक भक्तों के जीवन चरित्रों को वर्णन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उनकी भगवान के प्रति निष्ठा और भक्ति को दर्शाया गया है।

श्री भक्तमाल क्या है- यह संत नाभादास द्वारा ब्रजभाषा में रचित एक काव्य ग्रंथ है, जो 1585 के आसपास लिखा गया था। इसमें भगवान के प्रति भक्तों की अटूट भक्ति, समर्पण और उनके जीवन की कथाएं वर्णित हैं, जिसके कारण



इसे भक्तमाल कथा भी कहते हैं। भक्तमाल में ब्रह्मा जी भगवान नाभाजी (लेखक) का ही वास्तविक रूप या अवतार थे। जिन्होंने भगवान कृष्ण के काल में ग्वालबालों और गौओं का हरण कर लिया था और बाद में श्री कृष्ण से क्षमा मांगी। श्री कृष्ण ने उन्हें दंड दिया कि वे कलियुग में नेत्रहीन होकर जन्म लेंगे, लेकिन पांच वर्ष बाद उन्हें दिव्य दृष्टि प्राप्त होगी और इसी कारण नाभाजी के रूप में ब्रह्माजी का प्राकट्य हुआ। भक्तमाल में ब्रह्मा जी का नाभाजी का वास्तविक स्वरुप ब्रह्माजी का अवतार माना जाता है।

### पूर्ण आहुति के साथ विश्वकर्मा जयंती को होगा भंडारा

# झा समाज द्वारा कलश यात्रा के साथ दो दिवसीय विश्वकर्मा महा पुराण का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के पिछोर क्षेत्र में आस्था का केंद्र बना करारखेड़ा स्थित कमलेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष झा समाज द्वारा धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती रही। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए इस बार भी उन्होंने 15 सितंबर को सुरई सरकार मंदिर से कलश यात्रा भरकर कमलेश्वर मंदिर तक डीजे बाजे के साथ निकाली गई एवं झा समाज के सैकड़ो की संख्या में महिला बच्चे एवं नौजवान और बुजुर्ग मौजूद रहे एवं पंडित पंकज कुमार ओझा द्वारा दो दिवसीय श्री विश्वकर्मा महापुराण कथा सुनने को मिलेगी एवं 17 सितंबर को पूर्णाहुति के साथ भंडारा किया जाएगा।

मुलायम जाने ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद और कृपा रही तो यहां पर अगले वर्ष तक भगवान



विश्वकर्मा मंदिर का निर्माण हमारे समय द्वारा कराया जाएगा एवं भगवान विश्वकर्मा के बारे में उन्होंने कहा कि वे सभी शिल्पकारों, इंजीनियरों, कारीगरों, बढ़ई और तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के आराध्य देव हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मा के मानस पुत्र हैं और उन्हें सृष्टि का प्रथम वास्तुकार माना जाता है। उनकी गणना पंचदेवों में की जाती है और वे दिव्य निर्माणों के अधिपति हैं। एवं उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि विश्वकर्मा जी की वंश बेल मनु विश्वकर्मा सानग गोत्रीय हैं। ये लौह-कर्म के अधिष्ठाता थे, तो ऋषि मय मूलतः सनातन गोत्र के दूसरे पुत्र थे, जो कुशल काष्ठ शिल्पी थे। अहभन गोत्रीय ऋषि त्वष्टा के वंशज कांसा व तांबा धातु के आविष्कारक तीसरे पुत्र थे। चौथे पुत्र प्रयत्न ऋषि शिल्पी हैं, जो प्रयत्न गोत्र से संबंधित हैं। सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा की सातवीं संतान भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है। कुछ धर्म ग्रंथों में भगवान विश्वकर्मा को महादेव का अवतार बताया गया है। मान्यता के अनुसार, विश्वकर्मा जी ने भगवान श्रीकृष्ण के लिए द्वारका नगरी का निर्माण किया था।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी स्वच्छता सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक रूप देना है। अभियान के प्रभावी सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन को ग्रामीण क्षेत्र हेतु जिला नोडल अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण विनोद उन्नीतान को शहरी क्षेत्र हेतु जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त नोडल अधिकारी शासन के निर्देशानुसार समस्त विभागों, कार्यालयों से समन्वय स्थापित कर जिले के समस्त ब्लॉक एवं नगरीय निकायों में सेवा पखवाड़ा अभियान की रूपरेखा तैयार कराकर क्रियान्वयन कराएंगे।